दिनांकः 03.08.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत, अतिरिक्त खाद्यान्न उत्पादन करने वाला देश है और वह वैश्विक खाद्य सुरक्षा और वैश्विक पोषण सुरक्षा कार्यों में लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार सुधारों के साथ कृषि क्षेत्र को मजबूत कर रही है और इनका उद्देश्य किसानों के जीवन में सुधार लाना है। आज नई दिल्ली में 32वें अंतर्राष्ट्रीय कृषि अर्थशास्त्री सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि कृषि, सरकार की आर्थिक नीति का केन्द्र है। उन्होंने कहा कि भारत मोटे अनाज, दूध, दाल और मसालों का सबसे बड़ा उत्पादक देश है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत रसायन मुक्त प्राकृतिक खेती को बढावा दे रहा है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष के बजट में सतत कृषि पर ध्यान दिया गया है।

....

भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ आज पदभार ग्रहण करेंगे। श्री राठौड़ के जयपुर हवाई अड्डे पहुंचने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी और डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने उनका स्वागत किया। जयपुर स्थित भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर होने वाले समारोह में मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्रियों के अलावा केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव, गजेन्द्र सिंह शेखावत, अर्जुनराम मेघवाल और भागीरथ चौधरी मौजूद भी रहेंगे। पदभार ग्रहण करने के बाद वे उपस्थित पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे और संगठानात्मक बैठक लेंगे।

....

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला आज से कोटा के दो दिवसीय प्रवास पर हैं। वे कैंप कार्यालय में जनसुनवाई कर रहे हैं। श्री बिरला शाम को एक संस्था की ओर आयोजित अभिनंदन समारोह में भाग लेंगे। इस दौरान शिक्षा मंत्री मदन दिलावर और ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर सहित कई जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे।

....

उच्च्तम न्यायालय द्वारा आयोजित विशेष लोक अदालत का आज आखिरी दिन है। इसका उद्देश्य नागरिकों को यथासंभव सरल और त्वरित न्याय प्रदान करना है। सर्वोच्च न्यायालय ने अपनी 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में यह पहल की है। समारोह को संबोधित करते हुए कानून और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि इस लोक अदालत में एक हजार से अधिक मामलों का निपटान किया गया। उन्होंने कहा कि लोक अदालत में दीवानी, भू–अधिग्रहण और वैवाहिक मामलों का समाधान किया गया। श्री मेघवाल ने कहा कि मध्यस्थता के माध्यम से समाधान करना भारतीय संस्कृति की परम्परा है।

....

राज्य के पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र को उनके कार्यकाल की समाप्ति पर आज भावभीनी विदाई दी गई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा और दिया कुमारी सहित नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली तथा सरकार के कई मंत्रियों ने श्री मिश्र को एयरपोर्ट स्टेट हैंगर पर विदाई दी। श्री मिश्र को जयपुर से दिल्ली के लिए विशेष विमान से विदा किया गया। विदाई समारोह में उनके कार्यकाल की उपलब्धियों की सराहना की गई और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

....

राज्य सरकार ने तीन आईएएस अधिकारियों के तबादले किये हैं। दिनेश कुमार को अजमेर राजस्व मंडल का अध्यक्ष और डॉ. कृष्ण कांत पाठक को अजमेर कर बोर्ड का अध्यक्ष तथा देवाशीष पृष्टी को बजट वित्त सचिव नियुक्त किया गया है। इसके अलावा राज्यपाल के सचिव गौरव गोयल को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का संयुक्त शासन सचिव बनाया गया है। लोकसभा सचिवालय ने उन्हें तीन वर्ष के लिए प्रतिनियुक्ति देने के आदेश जारी किए हैं।

....

बारां में कल देर रात राष्ट्रीय राजमार्ग पर भंवरगढ़ कस्बे के पास एक जीप के अनियंत्रित होकर पलट जाने से चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और छह लोग घायल हो गए। यह हादसा उस समय हुआ, जब जीप बारां से केलवाड़ा की तरफ जा रही थी और अचानक गाय के सामने आ जाने से गाड़ी पलट गई। घायलों को किशनगंज के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उन्हें बारां के जिला अस्पताल में रैफर कर दिया गया। ये सभी लोग शाहाबाद क्षेत्र के रामपुरिया उपरेती के रहने वाले हैं।

....

प्रदेश में पिछले 24 घंटों में कहीं–कहीं भारी से अति भारी बारिश हुई। वहीं अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम बरसात हुई। मौसम विभाग के अनुसार सबसे ज्यादा 19 सेंटीमीटर बारिश बीकानेर के कोलायत मगरा में दर्ज की गई। अजमेर के मसूदा सीनियर में 18 सेंटीमीटर, ब्यावर और पिसावन सीनियर में 17–17, मांगलियावास सीनियर और राजसमंद के भीम में 15–15 सेंटीमीटर पानी बरसा। बाड़मेर में हो रही मूसलाधार बरसात से कलेक्ट्रेट परिसर सहित निचली बस्तियां जलमग्न हो गईं। मौसम विभाग के अनुसार आज बाड़मेर और जैसलमेर में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा जालौर, जोधपुर, सिरोही, पाली, टोंक, बूंदी, बारां, कोटा, जयपुर, अलवर और सीकर में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

....